नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रूपनगर

नराकास, रूपनगर का उत्तरदायित्व हमारे बैंक के जिला अग्रणी बैंक, रूपनगर को **वर्ष 2018** में दिया गया था। उस समय नराकास के अध्यक्ष श्री सुशील कुमार शर्मा, मुख्य प्रबन्धक महोदय थे। दिनांक: 20.07.2018 को नराकास, रूपनगर की स्थापना बैठक का आयोजन श्री प्रमोद कुमार शर्मा, उप निदेशक, राजभाषा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं श्री उमेश सक्सेना, तत्कालीन अंचल प्रमुख, चंडीगढ़ की अध्यक्षता में किया गया।

विगत 3 वर्षों में नराकास, रूपनगर अपने निर्धारित समय में छ:माही बैठकों का आयोजन कर रहा है एवं वर्तमान में नराकास, रूपनगर के अंतर्गत 21 बैंक/कार्यालय आते है। नराकास, रूपनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 से वार्षिक राजभाषा शील्ड का प्रारम्भ किया गया एवं वित्तीय वर्ष 2020-21 से वार्षिक पत्रिका "रूप-सागर" का प्रकाशन प्रारम्भ किया गया।

वर्तमान में नराकास, रूपनगर के अध्यक्ष श्री राजिन्द्र कुमार जसरोटिया, मुख्य जिला अग्रणी प्रबन्धक, जिला अग्रणी बैंक, यूको बैंक एवं सदस्य सचिव डॉ हेमलता, वरिष्ठ प्रबन्धक (राजभाषा) है।